# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## FINAL EXAMINATION (16 March 2026)
## Class – IX
## Paper-Hindi Course - B (Set-A)

**Time: 3hrs.** **M.M. 80**

**सामान्य निर्देश:**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए:**

**(1) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- खंड 'क', 'ख', 'ग' तथा 'घ' हैं।**

**(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है**

**(3) निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।**

**(4) यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

### खंड 'क' (अपठित बोध)

**इस खंड में अपठित गद्यांश से संबंधित तीन बहुविकल्पीय (1×3=3) और दो अतिलघुत्तरात्मक व लघुत्तरात्मक) (2×2=4) प्रश्न दिए गए है।**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (7)**

मुंशी प्रेमचंद का जीवन अनुशासित था। वे सवेरे ही उठ जाते थे और नित्यकर्म से निवृत्त होकर एक घंटे घूमने जाते थे। वे अक्सर स्कूल के अहाते में ही घूम लेते थे। लौटकर वे घर के ज़रूरी काम निपटाते थे। वे अधिकांश काम स्वयं करते थे। नौकर से अधिक काम लेना उन्हें पसंद न था। अपना बिस्तर स्वयं उठाते, अपनी धोती स्वयं धोते। वे अपनी आदत नहीं बिगाड़ना चाहते थे। उन्हें वह समय सदा याद रहता था कि कभी वे स्वयं पाँच रुपये के नौकर थे।

उनका मानना था कि जिस आदमी के हाथ में काम करने के घट्टे न पड़े हों, उसे खाना खाने का अधिकार नहीं है। उन्हें काम करने में रत्ती भर भी शर्म महसूस नहीं होती थी। वे बकरी के सामने पत्ती तोड़कर डाल देते थे और गाय की सानी भी कर देते थे। कमरे–बरामदे में झाड़ू लगा देना, पत्नी के बीमार होने पर चूल्हा जला देना, बच्चों को तैयार कर दूध पिला देना आदि काम वे प्रायः कर लेते थे। स्वयं हल्का–सा नाश्ता करके लिखने बैठ जाते थे। लिखने के लिए उन्हें प्रातःकाल पसंद था। स्कूल का समय होने तक वे लिखते रहते, फिर कपड़े बदलकर ठीक समय पर स्कूल जा पहुँचते। वे समय के बहुत पाबंद थे। वे छात्रों के सामने अच्छा उदाहरण रखना चाहते थे। समय बर्बाद करना वे बहुत बड़ा गुनाह मानते थे। उनका विचार था कि समय की पाबंदी के बिना कोई जाति तरक्की नहीं कर सकती।

(क) उपर्युक्त गद्यांश किस विषय-वस्तु पर आधारित है? (1)

*(i)* मुंशी प्रेमचंद की साहित्यिक कृतियाँ
*(ii)* मुंशी प्रेमचंद का अनुशासित जीवन
*(iii)* भारतीय समाज में समय का महत्त्व
*(iv)* साहित्यकारों का दैनिक जीवन

(ख) गद्यांश के अनुसार, प्रेमचंद सबसे बड़ा गुनाह किसे मानते थे? (1)

1. घर के काम करना
2. समय को नष्ट करना
3. किसी के सामने झुकना
4. नौकर से काम लेना

कूट

*(i)* 2 और 3
*(ii)* केवल 2
*(iii)* केवल 3
*(iv)* 1 और 4

*(ग)* **कथन** (A) मुंशी प्रेमचंद को नौकरों से अधिक काम लेना पसंद नहीं था। (1)
**कारण** (R) उन्हें हर समय याद रहता था कि वे स्वयं भी कभी नौकर थे।

कूट

*(i)* कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
*(ii)* कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
*(iii)* कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
*(iv)* कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(घ) प्रेमचंद के अनुसार कैसे व्यक्ति को खाने का अधिकार नहीं है? (2)

(ङ). प्रेमचंद द्वारा अपना काम स्वयं करना किस बात का द्योतक है? (2)

A-1

Scanned with OKEN Scanner

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए (7)

गीता के इस उपदेश की लोग प्राय: चर्चा करते है कि कर्म करें, फल की इच्छा न करें। यह कहना तो सरल है पर पालन करना उतना सरल नहीं। कर्म के मार्ग पर आनंदपूर्वक चलता हुआ उत्साही मनुष्य यदि अंतिम फल तक न भी पहुँचे, तो भी उसकी दशा कर्म न करने वाले की अपेक्षा अधिकतर अवस्थाओं में अच्छी रहेगी, क्योंकि एक तो कर्म करते हुए उसका जो जीवन बीता, वह संतोष या आनंद में बीता, उसके उपरांत फल की अप्राप्ति पर भी उसे यह पछतावा न रहा कि मैंने प्रयत्न नहीं किया। फल पहले से कोई बना-बनाया पदार्थ नहीं होता। अनुकूल प्रयत्न-कर्म के अनुसार, उसके एक-एक अंग की योजना होती है। किसी मनुष्य के घर का कोई प्राणी बीमार है। वह वैद्यों के यहाँ से तब तक औषधि ला-लाकर रोगी को देता जाता है, जब तक उसके चित्त में संतोष रहता है, प्रत्येक नए उपचार के साथ जो आनंद का उन्मेष होता रहता है, यह उसे कदापि प्राप्त न होता यदि वह रोता हुआ बैठा रहता। प्रयत्न की अवस्था में उसके जीवन का जितना अंश संतोष, आशा और उत्साह में बीता, अप्रयत्न की दशा में उतना ही अंश केवल शोक और दु:ख में कटता। इसके अतिरिक्त रोगी के न अच्छे होने की दशा में भी वह आत्मग्लानि के उस कठोर दु:ख से बचा रहेगा, जो उसे जीवनभर यह सोच-सोचकर होता कि मैंने पूरा प्रयत्न नहीं किया।

कर्म में आनंद अनुभव करने वालों का नाम ही कर्मण्य है। धर्म और उदारता के उच्च कर्मों के विधान में ही एक ऐसा दिव्य आनंद भरा रहता है कि कर्ता को वे कर्म ही फलस्वरूप लगते हैं। अत्याचार का दमन और शमन करते हुए कर्म करने से चित्त में जो तुष्टि होती है, वही लोकोपकारी कर्मवीर का सच्चा सुख है।

(क) कर्मवीर का सुख किसे माना गया है? (1)

(i) अत्याचार का दमन (ii) कर्म करते रहना
(iii) कर्म करने से प्राप्त संतोष (iv) फल के प्रति तिरस्कार भावना

(ख) 'कर्म में आनंद अनुभव करने वालों का नाम ही कर्मण्य है' पंक्ति के माध्यम से लेखक मनुष्य को किसके लिए प्रेरित कर रहे हैं? (1)

(i) कर्म करने हेतु (ii) फल की इच्छा करने हेतु
(iii) अकर्मण्य बने रहने हेतु (iv) प्रतीक्षा करने हेतु

(ग) **कथन** प्रयत्न न करने वाले को मानसिक शांति और संतोष की प्राप्ति नहीं होती।
**कारण** कर्म न करने से मनुष्य शोक और दु:ख में फँसा रहता है। (1)

(i) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।
(ii) कथन और कारण दोनों सही हैं।
(iii) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।
(iv) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(घ) कर्म करने वाले को फल न मिलने पर भी पछतावा क्यों नहीं होता? (2)

(ङ) घर के बीमार सदस्य का उदाहरण किस संदर्भ में दिया गया है? (2)

## खंड 'ख' : व्यावहारिक व्याकरण

**3. शब्द तथा पद पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** (2)

(i) स्वतंत्र सार्थक वर्ण समूह क्या कहलाता है?

(ii) यह कहानी बहुत रोचक है । इस वाक्य में 'कहानी' शब्द है या पद ?

(iii) पद का लिंग,वचन,कारक और क्रिया से संबंध होता है ( हाँ / नही )

**4. अनुस्वार तथा अनुनासिक पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** (2)

(i )निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार व अनुनासिक का प्रयोग कीजिए :

महगाई, पारपरिक

(ii) निम्नलिखित में से किस शब्द में अनुस्वार का सही प्रयोग नहीं हुआ है :

संकल्प, उपरांत, भयंकर, दिसंबर

iii) उचित शब्द से रिक्त स्थान भरिए : -

अगले माह के -------- सप्ताह में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन करवाना है ।। ( अँतिम / अंतिम )

A-2

Scanned with OKEN Scanner

उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4)

(i) 'प्रत्यारोपण' में उचित उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करके लिखिए।

(ii) 'निर्' उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइए ।

(iii) कौन सा शब्द 'अति' उपसर्ग से युक्त शब्द नहीं है -अतिरिक्त ,अतिथि ,अत्यंत, अत्यधिक

(iv) 'एरा' प्रत्यय लगकर दो शब्द बनाइए ।

(v)' खटिया' शब्द में उचित प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग करें ।

**6. स्वर संधि पर आधारित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (3)**

(i ) गुण संधि का कोई एक उदाहरण लिखिए ?

(ii ) संधि करें : - वि+आप्त, प्रति+ईक्षा

(iii ) संधि विच्छेद करें :- भविष्य

(iv) 'परीक्षा' शब्द में कौन - सी संधि है?

**7.विराम चिन्ह पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (2)**

(i )सुनो ,सुनो, ध्यान से सुनो, कोई गा रहा है वाक्य में किस विराम चिन्ह का प्रयोग हुआ है ?

(ii )जहां संपूर्ण शब्द ना लिखकर मात्र उसका संक्षिप्त रूप ही लिखा जाए, वहाँ किस चिन्ह का प्रयोग किया जाता है ?

(iii )मित्रता हो जाने पर जाति पाति लाभ हानि धनी निर्धन आदि सभी भेदभाव मिट जाते हैं(उचित विराम चिन्ह का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए)

**8 अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद पर आधारित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (3)**

(i )वर्षा होती तो अनाज पैदा होता ।(अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए )

(ii )तुम बाजार से थोड़ा सामान ले आओ । ( अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए )

(iii )लड़का बेलों में से पके खरबूजे चुन रहा था । (वाक्य को निषेधवाचक वाक्य में बदलकर लिखिए )

(iv) हम तुम्हें स्टेशन पर छोड़ने जाएँगे । ( वाक्य को इच्छावाचक वाक्य में बदलकर लिखिए )

## खंड 'ग' : पाठ्यपुस्तक

**9.निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए-** (5)

मेरी साँस मानो रुक गई थी। मुझे विचार कौंधा कि सफलता बहुत नजदीक है। 23 मई, 1984 के दिन दोपहर एक बजकर सात मिनट पर मैं एवरेस्ट की चोटी पर खड़ी थी। एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली मैं प्र[थम] भारतीय महिला थी। एवरेस्ट शंकु की चोटी पर इतनी जगह नहीं थी कि दो व्यक्ति साथ-साथ खड़े हो स[कें।] चारों तरफ़ हज़ारों मीटर लम्बी सीधी ढलान को देखते हुए हमारे सामने प्रश्न सुरक्षा का था। हमने पहले बर्फ़ फावड़े से बर्फ़ की खुदाई कर अपने आप को सुरक्षित रूप से स्थिर पाया। इसके बाद, मैं घुटनों के बल बैठी, पर अपने माथे को लगाकर 'सागरमाथे' के ताज का चुम्बन किया। बिना उठे ही मैंने अपने थैले से दुर्गा मा[ँ का] चित्र और हनुमान चालीसा निकाला। मैंने इनको अपने साथ लाए लाल कपड़े में लपेटा, छोटी-सी पूजा-अर्चन[ा की] और इनको बर्फ़ में दबा दिया।

A-3

(i) लेखिका की साँस किस कारण रुक गई?

(क) अस्वस्थता के कारण (ख) अधिक दुःखी होने के कारण

(ग) प्रसन्नता की अधिकता के कारण (घ) अधिक व्यस्तता के कारण

(ii) लेखिका ने किस समय क्या गौरव हासिल किया था ?

(क) 24 मार्च, 1990 के दिन चाँद पर पहुँचने का (ख) 28 मार्च, 1987 के दिन विदेश यात्रा का

(ग) 30 मार्च, 1985 के दिन अंतरिक्ष में पहुँचने का (घ) 23 मई, 1984 के दिन एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने का

**(iii) लेखिका ने शिखर-विजय की स्मृति को बनाए रखने के लिए क्या किया ?**

(क) माँ दुर्गा के चित्र तथा हनुमान चालीसा को लाल कपड़े में लपेटकर बर्फ में दबाया

(ख) माँ पार्वती का चित्र तथा शिव चालीसा को लाल कपड़े में लपेटकर बर्फ में दबाया

(ग) माँ सरस्वती का चित्र व वीणा को सजाकर सफेद कपड़े में रखकर बर्फ में दबाया

(घ) महालक्ष्मी का चित्र व विष्णु का शंख कपड़े में लपेटकर बर्फ में दबाया

**(iv) एवरेस्ट शंकु पर पहुँचकर लेखिका ने स्वयं को किस प्रकार सुरक्षित किया ?**

(क) फावड़े से बर्फ़ की खुदाई करके (ख) खुरपी से बर्फ को खोदकर

(ग) हथौड़े से बर्फ को तोड़कर (घ) इनमें से कोई नहीं

**(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए**

**कथन (A): 'सागरमाथा' से अभिप्राय 'अरावली पर्वत' से है।**

**कारण (R) : 'सागरमाथा' से अभिप्राय 'हिमालय पर्वत' से है।**

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।

(ग) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।

(घ) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**10.गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चारु प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दें :-** **(2x3=6)**

(क ) दुख का अधिकार कहानी में लेखक ने हमारी किन कुरीतियों और कुसंस्कारों की ओर संकेत किया है ?

(ख ) रामन ने वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए क्या-क्या किया ?

(ग ) हार्नीमैन को देश निकाला की सजा का समाचार पत्रों की दुनिया में इसका क्या प्रभाव पड़ा ?

(घ )'संबंधों का संक्रमण के दौर से गुजरना' -इस पंक्ति से आप क्या समझते हैं ?विस्तार से लिखिए ।

**11.निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखें : (5)**

ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै।
गरीब निवाजु गुसईआ मेरा माथै छत्रु धरै।।
जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढरै।
नीचहु ऊच करै मेरा गोबिंदु काहू ते न डरै।।
नामदेव कबीरु तिलोचनु सधना सैनु तरै।
कहि रविदासु सुनहु रे संतहु हरिजीउ ते सभै सरै।।

1. 'लाल' यहाँ किसे कहा गया है ?

(i) ईश्वर को (ii) पुत्र को (iii) पिता को (iv) गुरु को।

A-4

Scanned with OKEN Scanner

जिसको संसार अछूत मानता है, उस पर कौन द्रवित होता है?

(i) राजा (ii) गुरु (iii) ईश्वर (iv) इनमें से कोई नहीं।

3. रैदास जी के गोविंद क्या करते हैं?

(i) उच्च को नीच (ii) नीच को उच्च (iii) शत्रु को मित्र (iv) मित्र को शत्रु ।

4. प्रभु की निम्न लोगों पर कृपा के कारण किसका उद्धार हो गया?

(i) नामदेव का (ii) कबीर का (iii) सधना का (iv) ये सभी।

5. रैदास जी के हरि सब कुछ क्यों कर सकते हैं?

(i) क्योंकि वे स्वतंत्र हैं (ii) क्योंकि वे राजा हैं

(iii) क्योंकि वे सर्वसमर्थ हैं (iv) क्योंकि वे सर्वव्यापक हैं।

**12.काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें :-** **(2×3=6)**

क) बात न बिगड़ने और प्रेम संबंध न तोड़ने के विषय में रहीम ने नीति की कौन-सी बात बताई है ?

ख) अगीत की स्थिति किन-किन पात्रों में घटित होती है और क्यों ?

ग) जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने मेंकिस प्रकार का जीवनबाधक बन सकता है ? 'अग्निपथ' कविता के आधार पर उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

घ)'नए इलाके' में कविता में कवि कहाँ की स्थिति का वर्णन करता है ?

**13. संचयन पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें :** **(4*2= 8)**

क)सच बोलकर पिटने के भावी भय और झूठ बोलकर चिट्ठियों के न पहुँचने की ज़िम्मेवारी के बोझ से दबा मैं बैठा सिसक रहा था"- 'स्मृति' पाठ के आधार पर सच और उत्तरदायित्व निभाने के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

ख)त्रिपुरा में बाहरी लोगों के आने से क्या-क्या समस्याएँ उत्पन्न हुईं? बाहरी आगमन ने वहाँ के जन-जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया? 'कल्लू कुम्हार की उनाकोटी' पाठ के आधार पर लिखिए। ।

ग) हरि भवन की क्या विशेषता थी? वहाँ जाकर कभी-कभी लेखक का मन उदास क्यों हो जाता था? इस घटना से आपको क्या शिक्षा मिलती है?'मेरा छोटा सा निजी पुस्तकालय' पाठ के आधार पर लिखिए।

## खंड 'घ' : रचनात्मक लेखन

**14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए-**

**क) अपने लिए भी निकालें समय**

(**संकेत बिंदु:** मशीनी युग, रेल की गति से दौड़ता जीवन, अपने लिए समय की कमी, समय की कमी का पारिवारिक व सामाजिक जीवन पर प्रभाव, संकल्प/आह्वान)

**ख) एक दिन मोबाइल बिन**

(**संकेत-बिंदु :** डिजिटल युग, मोबाइल फ़ोन के बिना परेशानी का अनुभव, किसी कारण एक दिन के लिए मोबाइल से दूरी, मोबाइल के बिना रहने का अनुभव, उपसंहार)

**ग)प्राकृतिक आपदाएँ**

(**संकेत बिंदु:** अवधारणा* प्रकार* बचने के उपाय*हमारी जिम्मेदारी)

A-

Scanned with OKEN Scanner

(5)

15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए-

आपके मित्र के पिताजी ने नया मकान बनवाया है, परन्तु आप गृह प्रवेश पर पहुँचने में असमर्थ हैं, इसलिए इस सुअवसर पर अपने मित्र को शुभकामनाएँ एवं बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

अथवा


आप गौरव गोयल / गौरवी वत्स हैं। आपके चाचा जी गाँव में रहते हैं और साइबर ठगी से एकदम अनजान हैं। उन्हें साइबर ठगी से सावधान रहने के बारे में बताते हुए एक पत्र लिखे ।

16. जल संरक्षण के लिए दो मित्रों के बीच होने वाले संवाद को लिखिए । (5)

अथवा

बच्चे के जन्मदिन पर न आ सकने पर क्षमा माँगते हुए एक पड़ोसी का दूसरे पड़ोसी से संवाद अपने शब्दों में लिखिए

17. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए। चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य/घटना का वर्णन अपनी कल्पना शक्ति के आधार पर कीजिए जिसका सीधा संबंध चित्र से होना चाहिए - (5)



A-6